हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, बुधवार, अप्रैल 24, 2024

11 हनुमान मंदिरों में दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालु



12 केलनियां में हुआ मतदाता जागरुकता कार्यक्रम



## खबर संक्षेप

### डोडा पोस्त सहित रतिया का युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** गांव बीघड़ में पुलिस ने एक युवक को डोडा पोस्त सहित गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस टीम को गश्त के दौरान पुलिस को गांव की तरफ से एक युवक आता दिखाई दिया। युवक पुलिस को देखकर वापस मुड़कर चलने लगा। पुलिस ने उसका पीछा कर कुछ ही दूरी पर काबू कर लिया। पुलिस ने जब तलाशी ली तो उसके पास से 10 किलो कचरा डोडा पोस्त बरामद हुआ। पुलिस ने केस दर्ज किया है।

### बंद पड़े टावर के ताले तोड़कर सामान चोरी

**फतेहाबाद।** गांव अहरवां में बंद पड़े टावर के ताले तोड़कर अज्ञात चोर हजारों का सामान चोरी कर ले गए। सदर पुलिस को दी शिकायत में गांव बीघड़ निवासी रविन्द्र कुमार ने कहा है कि वह एटीसी कम्पनी में सिक्योरिटी इंचार्ज है। उनकी कम्पनी का गांव अहरवां में टावर है जो एक साल से बंद पड़ा है। टावर के रूम में 24 सैल बैटरियां भी रखी हुई थी। गत दिवस वह जब टावर पर गया तो देखा कि टॉवर के रूम का ताला टूटा पड़ा था और अंदर रखी 24 सैल बैटरियां गायब थी।

### रतिया से पुलिस कर्मचारी की मोटरसाइकिल चोरी

**फतेहाबाद।** वाहन चोरों ने रतिया से एक पुलिस कर्मचारी की बाइक चोरी कर ली। पुलिस को दी शिकायत में गांव बांडाहेड़ी निवासी जितेन्द्र ने कहा है कि वह हरियाणा पुलिस में सिपाही के पद पर तैनात है। गत दिवस वह थाना शहर रतिया के क्षेत्र में ड्यूटी पर गया हुआ था। उसने अपनी बाइक को रतिया के भगत सिंह चौक के नजदीक खड़ी की थी । कुछ देर बाद जब वह वापस आया तो उसने देखा कि वहां से उसका मोटरसाइकिल गायब था।

### मकान के ताले तोड़कर हजारों की नकदी चुराई

**फतेहाबाद।** चोरों ने रतिया की अरोड़ा कालोनी में एक मकान के ताले तोड़कर हजारों रुपये की नकदी चोरी कर ली। पुलिस को दी शिकायत में महिला सुमन ने कहा है कि गत दिवस सुबह वह अपने मकान को ताला लगाकर अपनी लड़की के पास गई थी। अब जब वह वापस घर लौटी तो उसने देखा कि कमरों के ताले टूटे पड़े थे। वहां सारा सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी का ताला टूटा हुआ था। चोर अलमारी में 20 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गए है।

### लव मैरिज करने वाले युवक के परिवार पर हमला

**भूना।** गांव जांडली खुर्द में अंतर्जातीय प्रेम विवाह मामले में युवक के परिवार की महिलाओं व पुरुषों के साथ मारपीट मामले में पुलिस ने सोमवार को चार लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि लड़की पक्ष के लोगों द्वारा युवक के परिवार की महिलाओं के साथ छेड़छाड़ व मारपीट किए जाने की घटना में पुलिस ने 14 नामित व 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने एक महीने बाद मात्र चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को मंगलवार को न्यायालय में पेश किया गया है।

### पाइप लाइन तोड़ने के मामले में दो पर केस

**फतेहाबाद।** गांव बीघड़ में सरकारी पाइप लाइन तोड़ने के मामले में पुलिस ने दो ग्रामीणों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी ने कहा है कि गांव धांगड़ निवासी कल्याण सिंह व अनिल कुमार ने गांव में बिछाई गई सरकारी पाइप लाइन को तोड़ कर सरकारी सम्पति को नुकसान पहुंचाया है। बीडीपीओ द्वारा पहले थाना सदर फतेहाबाद को शिकायत दी गई लेकिन जब इस मामले में पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई तो बीडीपीओ ने इस बारे पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखा।

## अवैध खरीद केंद्रों पर हो रही गेहूं की खरीद, राजस्व का नुकसान

# फतेहाबाद में लिफ्टिंग ज्यादा दिखाने के लिए चल रहा 'भरी-खाली का खेल'

### मण्डी में आढ़तियों के पास किसान उतार रहे गेहूं की ट्रालियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** गेहूं की बोरियों से अटी अनाज मण्डी।

फतेहाबाद के अनेक गांवों में बिना स्वीकृति के चल रहे खरीद केन्द्रों पर अवैध रूप से गेहूं की खरीद का काम जोरों पर चल रहा है। दरअसल, इन गांवों के किसानों ने अपने गांव में खरीद केन्द्र बनाने की मांग रखी थी लेकिन खरीद केन्द्रों को स्वीकृति नहीं मिली, इसके बावजूद यहां खरीद एजेंसियां बारदाना भेजकर गेहूं खरीद कर रही है। ऐसे में मार्केट कमेटी की फीस में जमकर गड़बड़झाला हो रहा है। इसके अलावा अनाज मण्डी में 'भरी-खाली' का 'खेल' जारी है। दरअसल किसानों का करीब-करीब गेहूं मण्डी में आ चुका है, जोकि आढ़तियों के पास ढेरियों में पड़ा है।

खरीद एजेंसियां लिफ्टिंग के आंकड़े बढ़ाने के लिए आढ़तियों से धीमी गति से गेहूं खरीद दिखा रही हैं ताकि लिफ्टिंग का आंकड़ा बढ़ सके। फतेहाबाद के गांव धांगड़, बीघड़, बड़ोपल, खाराखेड़ी, काजलहेड़ी, सालमखेड़ा सहित 20 स्थानों पर मार्किट कमेटी ने अतिरिक्त केंद्र बनाने की मांग की थी लेकिन परमिशन नहीं मिली। इन गांवों में व्यापारियों ने अपने स्तर पर हजारों क्विंटल फसल खरीद रखी है, जिससे विभाग को राजस्व का नुकसान है। यहां बड़ा सवाल है कि बिना परमिशन के इन गांवों में बारदाना कैसे पहुंचा।

इसके लिए मार्किट फीस अदा की जा रही है या नहीं, इसको लेकर अधिकारियों की भूमिका संदेह के घेरे में है। जिले में गेहूं की कटाई का काम लगभग पूरा हो चुका है तथा फसल साथ की साथ मंडियों व खरीद केंद्रों में पहुंचने से सेंटर गेहूं की फसल से अटे पड़े हैं। मंडियों से गेहूं की फसल के धीमे उठान के कारण गांवों के खरीद केंद्रों में गेहूं उतारने के लिए जगह नहीं बची है जिसके चलते किसानों को अपनी फसल कच्चे में डालनी पड़ रही है। पता चला है कि खरीद एजेंसियां लिफ्टिंग के प्रतिशत को बढ़ाकर दिखाने के लिए मंडियों में रोजाना गेहूं की खरीद कम कर रही है ताकि लिफ्टिंग का आंकड़ा 40-45 फीसदी से ऊपर ही रहे। यह काम एजेंसियां आढ़तियों के सहयोग से कर रही है क्योंकि आढ़तियों ने किसानों से गेहूं ट्राली खाली-भरी करवाई हुई है इसलिए मंडी में पड़ी गेहूं किसानों की न होकर आढ़ती की है।

### किसान आढ़ती के पास ट्राली खाली करके हो रहा फारिग

किसान फर्सी कांटे करवा फसल बेच खुश है क्योंकि उसे मंडी में बैठना नहीं पड़ता, आढ़ती काट लगाकर गेहूं लेते हैं, बड़ा ढेर बनाते हैं जिससे फसल की नमी कम नहीं होती, क्योंकि फसल आढ़ती की है इसलिए एजेंसी भाईचारे में उसकी कुल फसल को दो-तीन बार में खरीद कर लिफ्टिंग मेंटेन करती है, व्यापारी को पता है फसल लिफ्टिंग तक पड़ी मंडी में ही रहनी है चाहे खरीद आज हो या दो दिन बाद। हमने खरीद केंद्रों के आसपास के गांवों में अतिरिक्त खरीद केंद्रों के लिए अनुमति मांगी थी लेकिन मुख्यालय से अनुमति नहीं मिली, यदि गांवों में बिना परमिशन खरीद हो रही है तो उसे चेक कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

*-यशपाल मेहता, सचिव, मार्केट कमेटी।*

### मंडियों में एजेंसी-आढ़ती का ही काम

आढ़तियों ने किसानों ने फर्सी कांटे के माध्यम से 1 से 1.5 किलोग्राम प्रति क्विंटल काट में गेहूं खरीद ली है, अब जो गेहूं मंडियों में पड़ी है वह आढ़तियों की है, एजेंसियां रोजाना इतनी खरीद करती हैं कि लिफ्टिंग प्रतिशत मेंटेन रहे। उदहारण के लिए यदि किसी आढ़ती की दुकान पर 2 हजार क्विंटल गेहूं है तो एजेंसी आधा एक दिन, आधा अगले दिन लिख रही हैं।



# सभी यूनियन मिलकर मनाएंगी मई दिवस

- अब तक 1500 लोगों को लगा चुके हैं 25 करोड़ का चूना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

मई दिवस के आयोजन को लेकर विभिन्न यूनियनों व जनसंगठनों की संयुक्त बैठक मंगलवार को नगरपरिषद कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान भूप सिंह भड़ोलांवाली, नगर पालिका कर्मचारी संघ के राज्य वरिष्ठ उपप्रधान रमेश तुषामड, इकाई प्रधान नरेश राणा, भवन सनिर्माण यूनियन से राजेश चोबारा, खेत मजदूर यूनियन से दलवीर आजाद, सीटू से ओमप्रकाश अनेजा, धर्मपाल, बेगराज, मिड डे मील से गगनदीप कौर इत्यादि उपस्थित हुए। बैठक में मई दिवस आयोजन समिति का गठन कर कार्यक्रम का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। यह भी निर्णय लिया गया कि जो संगठन आज किसी कारणवश मीटिंग में नहीं आ सके, उनसे भी सम्पर्क कर इस कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा।

बैठक को संबोधित करते हुए कर्मचारी नेता बेगराज ने कहा कि मई दिवस को दुनियां में मजदूरों के त्योहार के रूप में मनाया जाता है। 1886 में 1 मई से 4 मई तक अमेरिका के शहर शिकागो की सड़कों पर मजदूरों ने यूनियन बद्ध होकर न्यूनतम वेतन का कानूनी हक, 8 घंटे काम की मांग एवं इंसाफ के लिए उठाया हुआ सफेद झंडा उनके खून से लाल हो गया। तब से दुनियां के मजदूरों ने लाल झंडे को ही अपना झंडा बना लिया। उन्होंने कहा कि एक समय में सबको शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, आवास, मातृत्व लाभ, बेहतर नागरिक जीवन देने का काम हुआ। देश में रेलवे, बिजली, परिवहन, स्टील, गैस, जहाजरानी, भारी उद्योग का ढांचा, विश्वविद्यालय स्थापित हुए।

# पेंटिंग्स से पृथ्वी बचाने का दिया संदेश

**रतिया।** गांव नागपुर स्थित डीएवी स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल में विभिन्न प्रकार की एक्टिविटी आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने पृथ्वी के संरक्षण, पेड़ लगाने, प्लास्टिक के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने, बिजली की बचत, पानी का सदुपयोग करने और बढ़ते वायु प्रदूषण को रोकने के लिए पोस्टर बनाएं। विद्यार्थियों ने विशेष रूप से प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के खिलाफ इन पोस्टरों के माध्यम से आवाज उठाई। विद्यार्थियों ने शपथ ली की कि हमें अपनी पृथ्वी का सम्मान करना और इसे संरक्षित रखना हमारा कर्तव्य है। विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए चेयरपर्सन रंजू मैहता व प्रिंसीपल सिमरनजीत कौर ने कहा कि हमारी संस्कृति के अनुसार पृथ्वी को माता का दर्जा मिला है। पृथ्वी माता के समान ही हमारा अनेक तरह से भरण पोषण करती है। खाने के लिए अन्न, पीने के लिए पानी, फल, सब्जी सहित सभी प्रकार की जरूरतों का सामान हमें इसी से मिलता है। ऐसे में हमारा भी यह दायित्व है कि हमें इसे साफ-सुथरा रखे। इसे प्रदूषित होने से बचाएं। उन्होंने विद्यार्थियों से ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने और प्राकृतिक संसाधनों का सदुपयोग करने का आह्वान किया। स्कूल के डायरेक्टर राकेश मेहता ने भी विद्यार्थियों को विश्व पृथ्वी दिवस की बधाई दी और बताया कि पृथ्वी दिवस मनाने की शुरूआत 22 अप्रैल 1970 को अमेरिका से की गई थी जो आज पूरे विश्व में मनाया जाता है।



# राष्ट्र स्तरीय विजेता खिलाड़ियों का किया सम्मान

- पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में हुआ समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में आज डीएवी के राष्ट्र स्तरीय खेलों में विद्यालय का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों के सम्मान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला पुलिस उप-अधीक्षक जयपाल, बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। इस कार्यक्रम में विद्यालय की ओर से डीएवी के राष्ट्र स्तरीय खेलों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों आदित्य बॉक्सिंग, निशांत बॉक्सिंग, अनु वुशू तथा गौतम मणकस वुशू को 5100-5100 रुपये के चैक व ट्रैकसूट तथा भूमिका, योगिनी, रीना व जाह्नवी को ट्रैकसूट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीएसपी जयपाल सिंह ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने उपस्थित सभी विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की नसीहत देते हुए खेलों में और अधिक अच्छा प्रदर्शन करने की सलाह दी। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्राचार्य अरुण शर्मा ने विद्यालय में पहुंचकर बच्चों को प्रोत्साहित करने पर डीएसपी जयपाल सिंह का धन्यवाद किया और विद्यार्थियों से खेलों के क्षेत्र में उभरती हुई नई प्रतिभाओं को उभारकर सामने लाने की बात कही।



**फतेहाबाद।** डीएवी पुलिस स्कूल में विजेताओं को सम्मानित करते डीएसपी जयपाल सिंह, साथ हैं प्राचार्य अरूण शर्मा। *फोटो : हरिभूमि*

### सेंट जेवियर्स स्कूल में मनाया पृथ्वी दिवस

**फतेहाबाद।** सेंट जेवियर्स पब्लिक स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को पृथ्वी के सामने भविष्य में आने वाली समस्याओं के बारे में बताने के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। कक्षा नौवीं से रजनी व कक्षा सातवीं से अनन्या ने विश्व पृथ्वी दिवस से जुड़ी कुछ बाते भाषण के द्वारा बताई। प्रिंसीपल संदीप सोनी ने बताया कि हमें हर दिन पृथ्वी दिवस के रूप में मानना चाहिए व हर समय पृथ्वी को भविष्य में आने वाली समस्याओं से बचाने की कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना की और सभी को शुभकामनाएं भी दी।

# अर्द्धसैनिक बलों ने डबवाली में निकाला फ्लैग मार्च

- एसपी बोले, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव करवाना ही पुलिस की प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

पुलिस अधीक्षक डबवाली के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए मंगलवार को पुलिस उपाधीक्षक जयभगवान व थाना कालांवाली प्रभारी थाना कालांवाली इंस्पेक्टर चांद सिंह की मौजूदगी में जिला पुलिस डबवाली व पैरामिलिट्री फोर्स ने फ्लैग मार्च निकाला। पुलिस अधीक्षक डबवाली सुमेर सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनावों को शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न करवाने के दृष्टिगत ही यह फ्लैग मार्च निकाला गया है। इस दौरान उन्होंने कहा कि मताधिकार आपका अधिकार है इसलिए आप अपने मत का निडर होकर प्रयोग जरूर करें। यह फ्लैग मार्च मंडी कालांवाली व गांव कालांवाली में तथा गांव तख्तमल से होते हुए गांव सिघंपुरा, तारुआना व त्रिलोकेवाला तथा त्रिलोकेवाला से गांव केवल तक ग्रामीण क्षेत्र में निकाला गया। इस फ्लैग मार्च द्वारा आमजन के मन में सुरक्षा व भाईचारे की भावना को बनाए रखना है। वहीं चुनाव को प्रभावित करने वाले शरारती तत्वों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने का भी संदेश दिया गया है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक डबवाली सुमेर सिंह ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अगर आपको नशीला पदार्थ बिकता हुआ दिखाई दे तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें और लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से स्वपन करवाने में डबवाली पुलिस का सहयोग करें।



**डबवाली।** डबवली में फ्लैग मार्च निकालते अर्द्धसैनिक बल व पुलिस।

# दो बच्चों के बाप ने नाबालिग लड़की से किया दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

शहर के एक मोहल्ले में एक व्यक्ति द्वारा नाबालिग लड़की को अपने घर में बहला-फुसलाकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां की शिकायत पर आरोपी सोनू के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 342, 376(1) 506 व पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी। शिकायतकर्ता महिला ने बताया कि उसकी 17 वर्षीय बेटी को करीब 32 वर्षीय दो बच्चों का बाप सोनू नामक व्यक्ति 13 अप्रैल की सुबह लगभग 11 बजे बहला-फुसलाकर अपने घर ले गया। आरोप है कि उपरोक्त युवक ने लड़की के साथ गलत काम किया और कहीं पर भी दुष्कर्म को लेकर जिक्र किया तो जान से मार देने की धमकी दी। पीड़ित लड़की गुमसुम रहने लगी और पीड़ा को सहन नहीं कर पाई। 21 अप्रैल को आरोपी सोनू द्वारा किए गए घटनाक्रम को लेकर लड़की ने अपनी मां को पूरी दास्तान सुना दी। महिला सब इंस्पेक्टर शिक्षा देवी ने नाबालिग लड़की के साथ बात करने के बाद सोनू के विरुद्ध पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया।

# फतेहाबाद जिले से छात्रा सहित चार लोग लापता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिले में अलग-अलग स्थानों से एक छात्रा सहित चार लोगों के लापता होने का समाचार है। पुलिस को दी शिकायत में गांव गोरखपुर निवासी एक युवक ने कहा है कि उसकी 18 वर्षीय पत्नी गत दिवस बिना बताए घर से कहीं चली गई है। उसने उसकी काफी जगह तलाश की लेकिन जब उसका कहीं कुछ पता नहीं चला। उसने आरोप लगाया कि यूपी के गांव बिसाठ निवासी जीते, रूपा व सोनी उसकी पत्नी को कहीं ले गए हैं। पुलिस ने केस दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है। दूसरे मामले में पुलिस ने सिरसा के गांव नानूआना निवसी एक व्यक्ति की शिकायत पर उसकी 18 वर्षीय लड़की के लापता होने बारे केस दर्ज किया है। व्यक्ति ने कहा कि उसकी लड़की फतेहाबाद के कॉलेज में पढ़ती है और यही महिला होस्टल में रहती है। जब वह उससे मिलने के लिए कॉलेज में गया तो पता चला कि उसकी लड़की वहां नहीं थी। एक अन्य मामले में जाखल पुलिस ने गांव दिवाना निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर उसकी 22 वर्षीय पत्नी के व सदर टोहाना पुलिस ने गुरप्रीत राम की शिकायत पर उसके पिता रामप्रकाश के लापता होने बारे केस दर्ज किया है।

## पुलिस पब्लिक मीटिंग के दौरान पुलिस अधीक्षक ने किया आह्वान

# नशा मुक्त समाज बनाना सबकी जिम्मेदारी: एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

पुलिस-पब्लिक के बेहतर समन्वय से ही अपराध एवं अपराधियों तथा गैरकानूनी धंधा करने वालों पर कारगर ढंग से अंकुश लगाया जा सकता है। पुलिस और जनता एक दूसरे के पूरक है, इसलिए किसी भी अभियान की शत प्रतिशत सफलता के लिए जनसहयोग अति आवशयक है।


उक्त विचार पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित पुलिस पब्लिक मिटिंग के दौरान व्यक्त किए। बैठक में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें सभी कमेटियों के सदस्य बढ़-चढ़कर भाग लें तथा जिला पुलिस का इस मुहिम में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि जिला पुलिस द्वारा अपराध और अपराधियों के खिलाफ समय-समय पर जो भी अभियान चलाए जा रहे हैं, उन सभी में कमेटी के सदस्य पुलिस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग करें ताकि जिला को पूरी तरह नशा मुक्त व अपराध मुक्त बनाया जा



**सिरसा ।** कमेटी सदस्य बैठक के बाद पुलिस अधीक्षक के साथ।

### छोटे झगड़ों को पंचायती स्तर पर निपटाएं

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कमेटी के सदस्य शहर व गांवों में होने वाले मनमुटाव के छोटे-मोटे झगड़ो को पंचायती स्तर पर ही निपटाने का प्रयास करें, जिससे शहर और गांव में आपसी भाईचारा मजबूत होगा। उन्होंने बैठक के दौरान उपस्थित सभी लोगों से यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने में सहयोग देने की भी अपील की। इस अवसर पर बैठक में मौजूद व्यक्तियों ने पुलिस अधीक्षक को विश्वास दिलाया कि वे पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान में पूर्ण सहयोग करेंगे। बैठक में व्यापार मंडल के प्रधान हीरालाल शर्मा, श्याम बजाज, आनंद बियानी, लादूराम पूनिया, अमित चुघ, सुखविंद्र सोनी, शशिकांत रोहिल्ला सहित अनेक कमेटी सदस्य उपस्थित रहे।



# 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' के चौथे सीजन का हुआ ऐलान

**मुंबई।** जीवन जे कांग और नवीन जॉन की वेब सीरीज 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' के तीनों सीजन को दर्शकों का बेशुमार प्यार मिला है। अब हनुमान जयंती के खास मौके पर निर्माताओं ने दर्शकों को बड़ा तोहफा दिया है। दरअसल, उन्होंने 'द लीडेंज ऑफ हनुमान' के चौथे सीजन का ऐलान कर दिया है, जिसका प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। 'द लीडेंज ऑफ हनुमान' जल्द डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज होगी। डिज्नी+ हॉटस्टार ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर 'द लीडेंज ऑफ हनुमान' का टीजर साझा किया है। उन्होंने लिखा, 'बजरंगबली ने बुलाया है, आना तो पड़ेगा।'

लाइफ Style


# सारा अली

## 'मेट्रो इन दिनों' थिएटर में धमाल मचाने तैयार

अनुराग बसु के निर्देशन में बनी फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' काफी चर्चा में है। वहीं फिल्म में पहली बार सारा अली खान और आदित्य रॉय कपूर बड़े पर्दे पर एक साथ नजर आने वाले हैं। इसी बीच फिल्म की नई तारीख की घोषणा कर दी गई है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक बार फिर फिल्म की रिलीज डेट को आगे बढ़ा दिया गया है। इसके साथ ही मेकर्स ने इस फिल्म की नई रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। हाल ही में कोंकणा सेन शर्मा नेपोस्ट को शेयर करते हुए, उन्होंने लिखा कि, "तैयार हो जाइए शहरी रोमांस देखने के लिए, जो इससे पहले आपने पहले कभी नहीं देखा होगा। 'मेट्रो इन दिनो' 29 नवंबर 2024 में को सिनेमाघरो में रिलीज होने वाली हैं। आपको बता दें, इस फिल्म का निर्देशन अनुराग बसु और भूषण कुमार ने किया है। वहीं जहां एक तरफ, इस एंथोलॉजी फिल्म में सारा अली खान और आदित्य रॉय कपूर पहली बार एक साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। वहीं दूसरी तरफ, कई और नई जोड़ियां अपना जलवा दिखाएंगी। इसके साथ ही इस फिल्म में कोंकणा सेन शर्मा, नीता गुप्ता, फातिमा सना शेख, अनुपम खेर, अली फजल भी अहम रोल प्ले करने वाले हैं। ऐसे में अब वह एंथोलॉजी फिल्म 'मेट्रो... इन दिनों में बिल्कुल नई कास्ट के साथ दर्शको के बीच नजर आने वाली है। हालांकि, इस फिल्म को लेकर दर्शक काफी लंबे वक्त से इंतजार कर रहे हैं। दरअसल, अक्सर अनुराग बसु की फिल्म दिल छू देने वाली होती है।



हॉलीवुड मसाला



# मिशन इम्पॉसिबल-7 व 8 इंतजार खत्म

**लॉस एंजिलस।** टॉम क्रूज अभिनीत स्पाई एक्शन सीरीज 'मिशन इम्पॉसिबल 7' और 'मिशन इम्पॉसिबल 8' की दो फिल्मों की रिलीज डेट को अमेरिका और यूरोप भर में कोविड-19 के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए आगे बढ़ा दिया गया है। 'वैराइटी' की रिपोर्ट के मुताबिक 'मिशनः इम्पॉसिबल 7', जो पहले 30 सितंबर को रिलीज होने वाली थी। इससे पहले 'मिशनः इम्पॉसिबल 8', जो 7 जुलाई, 2023 को रिलीज होने वाली थी लेकिन अब 28 जून 2024 को रिलीज होगी।




# डिप्रेशन से जूझ रही थीं मिस चेसली...

**लॉस एंजिलस।** मिस यूएसए 2019 चेसली क्रिस्ट ने 30 जनवरी, 2022 को आत्महत्या कर ली थी। उनकी न्यूयॉर्क की 60 मंजिला बिल्डिंग से गिरकर मौत हुई थी। अब उनकी आत्महत्या को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। चेसली की मां अप्रैल सिमप्किंस द्वारा सह-लिखित उनके नए संस्मरण के मुताबिक, वह इंपोस्टर सिंड्रोम और हाई-फंक्शनिंग डिप्रेशन से पीड़ित थीं। चेसली ने लॉ और एमबीए की डिग्री हासिल की थी। उनका सफल करियर था, लेकिन उन्हें लगता था कि वह अच्छी नहीं हैं। चेसली ने अपने संस्मरण में खुलासा किया कि ऑनलाइन मिलने वाले नफरती संदेशों ने उनकी असुरक्षा को बढ़ा दिया था। इससे उन्हें इंपोस्टर सिंड्रोम हो गया।



# डॉक्यूमेंट्री के लायक है मेरी कहानी...

**मुंबई।** नोरा फतेही फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। उनकी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर ठीक-ठाक कमाई की, वहीं इसमें नोरा के अभिनय की भी फिल्म में तारीफ हुई। अपनी इस फिल्म की रिलीज के बाद से नोरा काफी मुखर हो गई हैं और बड़ी बेबाकी से अपने विचार रख रही हैं। पिछले दिनों उन्होंने बॉलीवुड के शादीशुदा जोड़ों पर निशाना साधा था। हाल ही में उन्होंने अपने जीवन पर फिल्म बनने की बात कही। एक इंटरव्यू में नोरा ने कहा, मेरे पास एक कहानी है और एक दिन मैं इस पर डॉक्यूमेंट्री बनाना चाहूंगी। इस बारे में बात करना चाहूंगी कि कैसे नोरा नाम की लड़की एक जगह आती है। वो भारतीय नहीं है, लेकिन वो बॉलीवुड में आई, उसने हिंदी भाषा सीखी और सभी बाधाओं को तोड़ते हुए वह आगे बढ़ी।



# डीपफेक वीडियो के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर

**मुंबई।** अभिनेता आमिर खान के बाद अब बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह ने भी अपने डीपफेक वीडियो के खिलाफ लीगल एक्शन लिया है। रणवीर ने डीपफेक वीडियो को लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। बता दें कि बीते दिनों अभिनेता आमिर खान, रश्मिका मंदाना, नोरा फतेही समेत कई सितारे डीपफेक वीडियो का शिकार हो चुके हैं। इस मामले में एक्टर रणवीर सिंह भी फंस गए हैं। इन दिनों अभिनेता का एक डीपफेक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। वहीं इस मामले को लेकर रणवीर सिंह ने कानूनी एक्शन लेते हुए अपने डीपफेक वीडियो के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। इस वीडियो में उन्हें देश में जारी लोकसभा चुनाव के बीच एक राजनीतिक पार्टी का प्रमोशन करते देखा जा सकता है।

फिल्मी मसाला

# रेखा ने सेट पर जड़ दिया था एक्ट्रेस को थप्पड़...

**मुंबई।** जिंदगी की तरह ही फिल्मों में भी सीखने-सिखाने का सिलसिला ताउम्र चलता रहता है। जब भी कोई नया-नवेला एक्टर फिल्मों की दुनिया में कदम रखता है तो उसके मन में कई तरह के संशय रहते हैं कि क्या वह इतने लोगों के बीच में अपनी अलग पहचान बना पाएगा या नहीं। डेब्यू फिल्म के दौरान अक्सर एक्टर डरे-सहमे रहते हैं और जब वह पहली ही फिल्म में किसी सीनियर एक्टर संग काम करते हैं तो डर और घबराहट का बढ़ना तो लाजमी है। बरसों पहले आई एक फिल्म के सेट पर नई-नेवेली एक्ट्रेस संग ऐसा ही कुछ हुआ था। पहली ही फिल्म की शूटिंग के दौरान उन्हें इतना जोरदार झटका लगा कि वह घंटों तक रोती रह गईं। आज ये एक्ट्रेस फिल्म लाईन से दूर होकर लाइफस्टाइल और फैशन वीडियोज के माध्यम से करोड़ों रुपये कमाती हैं।



## आरती छाबड़िया ने लज्जा से किया था डेब्यू

एक्ट्रेस आरती छाबड़िया ने साल 2001 में आई राजकुमार संतोषी के निर्देशन में बनी फिल्म 'लज्जा' से बॉलीवुड डेब्यू किया था। महिलाओं पर आधारित इस फिल्म में उन्होंने एक नहीं बल्कि कई दिग्गजों संग स्क्रीन शेयर किया था। 'लज्जा' में आरती छाबड़िया संग रेखा, माधुरी दीक्षित, महिमा चौधरी, सोनाली बेंद्रे, जैकी श्रॉफ, अजय देवगन, डैनी, गुलशन ग्रोवर जैसे कई मंझे हुए कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आए थे।

## रेखा ने आरती को जड़ा था थप्पड़

इस फिल्म में एक ऐसा सीन था जिसमें रेखा को एक्ट्रेस आरती छाबड़िया को कई थप्पड़ झड़ने होते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक नई-नवेली एक्ट्रेस को इस सीन के बारे में पहले से कोई जानकारी नहीं थी जिसकी वजह से जब ये सीन शूट हुआ तो उन्हें जोरदार झटका लगा था। रेखा ने सीन के अनुसार एक के बाद एक उन्हें कई थप्पड़ जड़ डाले थे जिस वजह से एक्ट्रेस गहरे सदमे में चली गईं।

## अब फिल्मों से दूर कमाती हैं करोड़ों

वह 'तुमसे अच्छा कौन है' में नकुल कपूर, 'आवारा पागल दीवाना' में अक्षय कुमार, 'राजा भईया' में गोविंदा और 'पार्टनर' में सलमान खान संग काम कर चुकी हैं। बॉलीवुड में कुछ खास सफल न होने के बाद एक्ट्रेस ने कई भाषाओं की फिल्मों में किस्मत आजमाई, लेकिन जब उन्हें वहां भी सफलता न मिली, तो उन्होंने फिल्मी पर्दे से दूरी बना ली। आज ये एक्ट्रेस लाइफस्टाइल और फैशन वीडियोज के माध्यम से करोड़ों रुपये कमाती हैं।

# *ये सितारे एक ही फिल्म में बने हीरो और विलेन, खुद से ही किए दो-दो हाथ...*

***मुंबई।*** *बॉलीवुड में आपने कलाकारों को फिल्मों में तमाम नए-नए प्रयोग करते देखा होगा। कुछ कलाकार अपना किरदार निभाने के लिए किसी भी हद तक चले जाते हैं और जोखिम उठाने से भी परहेज नहीं करते। हालांकि, सबसे मुश्किल होता है फिल्म में 2 अलग-अलग किरदार निभाना। कई सितारों ने फिल्मों में हीरो के साथ-साथ विलेन की भूमिका को अंजाम दिया है। आज हम आपको उन्हीं कलाकारों से मिलवा रहे हैं, जो पर्दे पर खुद से ही भिड़ते नजर आए हैं।*



***अमिताभ बच्चन :*** *शुरुआत करते हैं अमिताभ बच्चन से, जिन्होंने अपने करियर में कई अलग-अलग फिल्मों में हीरो और खलनायक की भूमिका निभाई हैं, लेकिन 1978 में आई फिल्म 'डॉन' में उन्होंने न सिर्फ हीरो, बल्कि विलेन का किरदार भी बड़े शानदार तरह से निभाया। फिल्म में वह 'विजय' और 'डॉन' के किरदार में नजर आए थे। उन्हें उनके उम्दा अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का फिल्मफेयर पुरस्कार भी मिला था। जी5 पर अमिताभ की यह फिल्म मौजूद है। फिल्म आखिरी रास्ता में बाप और बेटे की भूमिका निभाई। महान फिल्म में भी अमिताभ ने तीन रोल निभाए थे।*

***अक्षय कुमार :*** *अभिनेता अक्षय कुमार इन दिनों फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' में नजर आ रहे हैं। उन्होंने अपने करियर में कई फिल्मों में खलनायक की भूमिका निभाई और दर्शकों से जमकर वाहवाही लूटी। अक्षय 1997 में रिलीज हुई फिल्म 'अफलातून' और 'खिलाफी 420' में डबल रोल में नजर आए थे, जिसमें उन्होंने हीरो और विलेन दोनों की भूमिका खुद ही निभाई थी। 'अफलातून' यूट्यूब पर तो 'खिलाड़ी 420' जी5 पर देखी जा सकती है।*

***शाहरुख खान :*** *शाहरुख खान ने कई हिट और सुपरहिट फिल्में कीं। 'डुप्लीकेट' उनके करियर की बेहतरीन फिल्मों में शुमार है, जिसके लिए उन्हें न सिर्फ दर्शकों, बल्कि समीक्षकों से भी खूब सराहना मिली। नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद यही वो पहली फिल्म थी, जिसमें शाहरुख को हीरो के साथ-साथ विलेन के रूप में भी देखा गया। इसके बाद उन्होंने 'डॉन' और 'फैन' में भी सकारात्मक और नकारात्मक भूमिका निभाई। अमेजन प्राइम वीडियो पर ये दोनों फिल्में मौजूद हैं।*



# 'टाइम' मैग्जीन की 100 सबसे प्रभावशाली हस्तियों में हुईं शुमार

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री आलिया भट्ट 'टाइम' मैग्जीन की 100 सबसे प्रभावशाली हस्तियों में शामिल हो गई हैं। टाइम मैग्जीन ने अपनी 100 सबसे प्रभावशाली शख्सियतों की लिस्ट जारी की है, जिसमें आलिया भट्ट का भी नाम शामिल है। आलिया भट्ट ने इस बात की जानकारी अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करके दी है। आलिया ने अपने इंस्टाग्राम पर लिखा, #टाइम100 का हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस कर रही ही। आपके दयालु शब्दों के लिए सबसे प्यारे #टॉमहार्पर को धन्यवाद। आलिया भट्ट को लेखक-निर्देशक और फिल्म निर्माता टॉम हार्पर ने 'अद्भुत टैलेंट' में से एक बताया। उनकी प्रोफाइल में लिखा गया है कि आलिया दुनिया की टॉप एक्ट्रेसेस में से एक हैं।

## साउथ की इन फिल्मों ने एक्टर को बनाया मेगा पावरस्टार

# आरआरआर से बॉलीवुड में रामचरण ने बिखेरा जलवा

**मुंबई।** साउथ सिनेमा में बड़ा नाम बना चुके राम चरण की जबरदस्त फैन फॉलोइंग हैं। एक्टर और निर्माता राम चरण ने 27 मार्च को अपना 39वां जन्मदिन मनाया। उनका जन्म चेन्नई में तेलुगु सुपरस्टार चिरंजीवी के घर हुआ था। वह भारत में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले कलाकारों में से एक हैं। राम चरण ने 2007 में फिल्म चिरुथा से अपने फीचर करियर की शुरुआत की। उन्हें 2009 में एस.एस. राजामौली की फंतासी एक्शन फिल्म मगधीरा से प्रसिद्धि मिली, जो उस समय सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तेलुगु फिल्म बन गई।

***कई अवॉर्ड और पुरस्कार जीते :*** अपने शानदार करियर में राम चरण ने कई अवार्ड और पुरस्कार जीते हैं। आज राम चरण न सिर्फ साउथ सिनेमा बल्कि बॉलीवुड में भी लोकप्रिय एक्टर हैं। राम चरण की आरआरआर देखने के बाद फैन्स इनके दीवाने हो गए लेकिन बॉलीवुड दर्शक स्टार की उन फिल्मों को नहीं जानते जिनसे साउथ में धमाल मचाया। आइए जानते हैं रामचरण की बेस्ट मूवीज।


**नायक :** साल 2013 में सिनेमाघरों में आई फिल्म नायक में राम चरण के किरदार ने फैन्स का दिल जीत लिया। नायक की कहानी में एक युवक और उसका हमशक्ल अन्याय का मुकाबला करने और खलनायकों के खिलाफ अपने प्रतिशोध को निपटाने के लिए एकजुट होते हैं।

**चिरुथा :** फिल्म में राम चरण को एक गरीब आदमी के रूप में दिखाया गया है जिसे गलत तरीके से हत्या का दोषी ठहराया जाता है और जेल भेज दिया जाता है। चिरुथा साल 2007 में रिलीज हुई थी।

**मगधीरा :** साल 2009 में काजल अग्रवाल के साथ राम चरण की फिल्म मगधीरा आज भी फैन्स के जहन में है। फिल्म की कहानी राजकुमारी को बचाने के प्रयास के बाद 400 साल बाद एक योद्धा का पुनर्जन्म होता है और राज्य के परिणामस्वरूप उसकी और राजकुमारी की मृत्यु हो जाती है। अपने खोए हुए प्यार को वापस पाने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर, वह चुनौतियों से पार पाने और सभी बाधाओं के खिलाफ विजयी होने के लिए एक नई यात्रा पर निकलता है।

**ऑरेंज :** साल 2010 में आई ऑरेंज में राम चरण एक ऐसे व्यक्ति की भूमिका निभाते हैं जो स्थायी प्रेम में विश्वास नहीं करता है और एक जीवंत रोमांटिक रिश्ते का पीछा करता है। हालाँकि, प्यार के बारे में उनकी परस्पर विरोधी मान्यताएँ उन्हें अलग रखती हैं।

### टॉप हिट फिल्में....



**येवाडू :** अल्लू अर्जुन के साथ राम चरण की येवाडू 2014 में सिनेमाघरों में दस्तक देते ही हिट साबित हुई थी। फिल्म में राम चरण ने एक ऐसे युवा व्यक्ति का किरदार निभाया है, जो गंभीर चोटों से पीड़ित होने और अपने प्रेमी को एक क्रूर हमले में मरते हुए देखने के बाद, जीवन बचाने के लिए चेहरे का प्रत्यारोपण कराता है। वह एक नए रूप के साथ अपने प्रतिद्वंद्वियों से अपनी पहचान छिपाते हुए बदला लेना चाहता है। उनका ताजा चेहरा उनके जीवन में अप्रत्याशित कठिनाइयों और जटिलताओं को प्रस्तुत करता है।

**गोविंदुडु अंदारिवाडेले (येवाडू 2) :** फिल्म एक ऐसे व्यक्ति की कहानी है जो अपने परिवार में दरार के कगार पर होने की तलाश में भारत लौटता है। चीजों को गंभीरता से न लेने की आदत के बावजूद, उसे अपने परिवार के रिश्तों को सुधारने का प्रयास करना चाहिए।

**ब्रूस ली- द फाइटर:** राम चरण और रकुल प्रीत सिंह स्टारर फिल्म ब्रूस ली द फाइटर साल 2015 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म में राम चरण को एक स्टंटमैन के रूप में दिखाया गया है जिसे एक आदर्शवादी महिला गलती से पुलिस अधिकारी समझ लेती है। वास्तविक अधिकारी न होने के बावजूद, वह पुलिस की ओर से अपराध से लड़ने की भूमिका निभाता है।

## ऑस्कर विजेता फिल्म आरआरआर

ऑस्कर विजेता फिल्म दो प्रसिद्ध क्रांतिकारियों की काल्पनिक कहानी और 1920 के दशक में अपने देश के लिए लड़ने के उनके रास्ते का वर्णन करती है। वहीं ध्रुव एक समर्पित पुलिस अधिकारी देश के सबसे भ्रष्ट व्यक्ति सिद्धार्थ अभिमन्यु को मार गिराने के बेहद खतरनाक मिशन पर है।

## रामचरण की गेम चेंजर ने मचाई धूम

रामचरण की फिल्म गेम चेंजर 14 अप्रैल को रिलीज होने के बाद से धूम मचा रही है - गेम चेंजर एक आगामी तेलुगु भाषा की एक्शन से भरपूर राजनीतिक थ्रिलर फिल्म है, जिसे कार्तिक सुब्बाराज द्वारा लिखित और निर्देशित किया गया है, एस. शंकर अपनी तेलुगु निर्देशन की शुरुआत कर रहे हैं। दिल राजू और सिरीश ने इसे श्री वेंकटेश्वर क्रिएशन्स के बैनर तले निर्मित किया है।

## खबर संक्षेप

### चांदी के सिक्के व नकदी चोरी मामले में दो पकड़े

**हिसार।** बालसमंद चौकी पुलिस ने गांव गोरछी स्थित मकान से चांदी के सिक्के व नकदी चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें बालसमंद निवासी प्रमोद व पवन शामिल है। मुख्य सिपाही कृष्ण ने बताया कि गांव गोरछी निवासी पवन कुमार ने घर से चांदी के सिक्के और नकदी चोरी होने के बारे में शिकायत दी थी। 7-8 मार्च की रात को अज्ञात व्यक्ति ताला तोड़ घर में घुस गया और फेंक चांदी के सिक्के और नकदी चोरी करके ले गया। पुलिस ने दो आरोपियों प्रमोद और पवन को गिरफ्तार किया है। इनसे चांदी के सिक्के और नकदी बरामद की है।

### मोटरसाइकिल चोरी के मामले में गिरफ्तार

**हिसार।** शहर पुलिस ने शंकर निवास कॉलोनी से मोटरसाइकिल चोरी के मामले में झिड़ी निवासी पवन कुमार को गिरफ्तार किया है। मुख्य सिपाही गौतम ने बताया कि आरोपी ने पिछले वर्ष 9 दिसंबर को शहर की शंकर निवास कॉलोनी से मोटरसाइकिल चोरी की थी। इसके बारे में गौरव ने शिकायत दी थी। मुख्य सिपाही गौतम के अनुसार चोरीशुदा मोटरसाइकिल पहले ही बरामद किया जा चुका है। आरोपी पवन कुमार पहले भी चोरी की वारदातों में शामिल रहा है। उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

### इलेक्ट्रॉनिक उपकरण चोरी में दो आरोपी पकड़े

**हिसार।** सिविल लाइन पुलिस ने 11 अप्रैल की रात में मनोहर कॉलोनी पटेल नगर स्थित मकान से मोबाइल, लैपटॉप सहित इलेक्ट्रॉनिक उपकरण चोरी के मामले में दो को गिरफ्तार किया है। इनमें खरक पूनिया निवासी गौरव और धारसूल निवासी बंटी शामिल है। जांच अधिकारी मुख्य सिपाही अनिल कुमार ने बताया कि मनोहर कॉलोनी निवासी अनिल कुमार ने उसके घर से मोबाइल, लैपटॉप सहित इलेक्ट्रॉनिक उपकरण चोरी होने के बारे में शिकायत दी थी। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश करके दो दिन के रिमांड पर लिया है।

### कार्तिकेय शर्मा परशुराम जयंती पर कल हिसार में

**हिसार।** भगवान परशुराम जयंती का राज्यस्तरीय समारोह 5 मई को करनाल में धूमधाम से मनाया जाएगा। भव्य समारोह को लेकर राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा25 अप्रैल वीरवार को जहाज पुल स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में पहुंचेंगे। राजकुमार भारद्वाज ने बताया कि 5 मई के राज्यस्तरीय समारोह का सांसद कार्तिकेय शर्मा निमंत्रण देने टीम सहित पहुंचेंगे।

### धूमधाम से मनाई जाएगी फूलचंद की पुण्यतिथि

**रतिया।** संत शिरोमणि स्वामी श्री फूलचंद जी महाराज की पुण्यतिथि 25 अप्रैल दिन वीरवार को तप त्याग व तपस्या द्वारा हषारेल्लास से बुढलाड़ा रोड स्थित जैन समाधि पर मनाई जाएगी। यह जानकारी देते हुए संस्था के प्रधान सुरेश जिंदल ने बताया कि 25 अप्रैल 2004 को संत शिरोमणि स्वामी श्री फूलचंद जी महाराज का देवलोक गमन रतिया के पवित्र भूमि पर हुआ था, तभी से उनके भक्तों द्वारा उनकी पुण्यतिथि त्याग तपस्या से मनाई जाती है।

## जिले भर में धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

# हनुमान मंदिरों में दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज. सिरसा

चैत्र मास की पूर्णिमा पर मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव पर श्रद्धालुओं ने श्री बालाजी महाराज के दर्शन कर सुख समृद्धि की कामना की। शहर के हनुमान मंदिरों में सुबह से ही श्री बालाजी महाराज के दर्शनों को श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। जिला भर में श्री हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मुख्य आयोजन लालबत्ती चौक स्थित श्री सालासर धाम मंदिर में हुआ। इसके अलावा गौशाला मोहल्ला स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर, रानियां रोड स्थित वानरों वाला हनुमान मंदिर, सर्राफों का मंदिर, खजांचियान मंदिर, अग्रसेन कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर, खैरपुर स्थित हनुमान मंदिर, प्रेमनगर स्थित हनुमान मंदिर, चतरगढ़पट्टी स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर, गली गोलछा वाली स्थित इच्छापूर्ण हनुमान मंदिर, रानियां रोड स्थित वानरों वाला मंदिर सहित हनुमान मंदिरों में श्रद्धालुओं ने बालाजी महाराज के दर्शन कर घर में सुख समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर सालासर धाम को भव्य रुप से सजाया गया। सुबह 5 बजे श्रीबालाजी महाराज का मंगलगान और शहनाई वादन से मांगलिक कार्यक्रम शुरू हुए। विजय जुईवाला परिवार की ओर से दहेली पूजन व गणेश पूजन किया गया। साढे.5 बजे बालाजी महाराज की भव्य श्रृंगार आरती की गई। साढे.6 बजे मां भगवती की रजतमयी प्रतिमा का अनावरण किया गया। स्वर्णमयी चार मूर्तियों का अनावरण सुबह सवा सात बजे किया गया। 8 बजे बालाजी महाराज को स्वर्णमयी चोला अर्पित किया गया। साढे.8 बजे बालाजी महाराज को रजतमयी चरण पादुकाएं अर्पित की गई। 9 बजे बालाजी की स्वर्णमयी प्रतिमा का अनावरण किया गया। दीपक चावला परिवार की ओर से स्वर्णमयी प्रतिमा का अनावरण किया गया। साढे.10 बजे स्वर्णमयी प्रतिमा का अनावरण, बालाजी महाराज की स्वर्ण चौकी का अनावरण किया गया। इसके बाद सवा 11 बजे बालाजी महाराज के अटूट भंडारे का शुभारंभ किया गया। शहर और आसपास के गावों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने श्री बालाजी महाराज को प्रसाद, नारियल, सिंदूर, ध्वजा चढ़ाकर पूजा अर्चना की। मंदिर के पुजारी जलावर शर्मा ने बताया कि मंदिर परिसर में श्री बालाजी महाराज का रात्रि जागरण भी आयोजित किया जाएगा। जिसमें तिजारा धाम के गौरव दत्त व फतेहाबाद की बेबी मीनू बालाजी का गुणगान करेंगे। रात्रि साढे.8 बजे सवा मण लड्डू का भोग लगाया जाएगा। इसके अलावा शहर में व जिला के कालांवाली, डिंग मंडी, डबवाली, रानियां, ऐलनाबाद, ओढां, रोड़ी, गोरीवाला आदि में स्थित हनुमान मंदिरों में श्रद्धालुओं ने हनुमान जयंती पर पूजा अर्चना कर घर में सुख समृद्धि की कामना की।पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण श्री हनुमान जन्मोत्सव पर पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे। इस मौके पर श्री सालासरधाम मंदिर कमेटी के प्रधान गोपाल सर्राफ, संरक्षक अश्वनी राठी, महासचिव राधेश्याम झूंथरा, कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार गोयल, सत्यप्रकाश गोयल, राजकुमार गोयल, अमित बंसल, पुरुषोत्तम दास, सुभाष मोंगा, नंदकिशोर लढ़ा, सुशील झूंथरा, दीपू मित्तल, राजेश गोयल रिंकू आदि का आयोजन में भरपूर योगदान रहा।



सिरसा। हनुमान जन्मोत्सव पर मंगलवार को सालासर धाम मंदिर में बालाजी महाराज के दर्शन करते श्रद्धालु।




रतिया। श्री हनुमान जन्मोत्सव पर प्रसाद वितरित करते जय मां भ्रामरी देवी लंगर कमेटी के सदस्य।

### हनुमान जन्मोत्सव पर खीर का प्रसाद वितरित किया

**फतेहाबाद।** श्री अजंनी माता सेवा सदन की ओर से हनुमान जन्मोत्सव पर आज भट्टू रोड स्थित अग्रवाल कालोनी के मोड पर सदन के प्रधान राजेश गर्ग के प्रतिष्ठान पर खीर का प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर सेवा सदन के उपप्रधान विजय ताखर ने बताया कि हर माह की पूर्णिमा के अवसर पर प्रसाद वितरित किया जाता है। प्रसाद में खीर, बुंदी, छोले पूरी व जल-जीरा आदि वितरित किया जाता है। वहीं इसी कड़ी में आज पूर्णिमा व हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में खीर का प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर संस्था के सदस्य हनुमान यादव, पंकज नारंग, सचिन आहुजा, कुलदीप, दीपांशु गर्ग, मुकेश बंसल सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### ओढ़ां में सालासर यात्रा संघ व गांववासियों ने हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में निकाली शोभा यात्रा

**ओढां।** ओढ़ा में हनुमान जन्मोत्सव पर श्री दुर्गा भजन मंडल की ओर से श्री सालासर यात्रा संघ व गांववासियों के सहयोग से गांव में शोभा यात्रा का आयाजन किया गया।शोभायात्रा हनुमान मंदिर से पूजा अर्चना के बाद आरंभ हुई। इसके बाद नैशनल हाइवे, नुहियावालीं रोड, खाटू श्याम मंदिर, ग्रीन मार्किट, बस स्टैंड, साहू मार्किट, नई अनाज मंडी, जलालआना रोड, थाना रोड, कालांवाली रोड व गांव की मुख्य गालियों से होते हुए पुरानी अनाज मंडी में पहुंचकर संपन्न हुई। श्री दुर्गा भजन मंडल के प्रवक्ता सतीश गर्ग ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव एक हिंदू पर्व है। यह चैत्र माह की पूर्णिमा को मनाया जाता है। इस दिन हनुमानजी का जन्म हुआ था। हनुमान जी को कलयुग में सबसे प्रभावशाली देवताओं में से एक माना जाता है। इस अवसर पर श्री सालासर यात्रा संघ के प्रधान हरि राम गोयल, राजकुमार वर्मा, धमेंद्र रत्ती, रामलाल गर्ग, राकेश गर्ग, हैप्पी सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### मां भ्रामरी देवी कमेटी ने हनुमान जी के जन्मोत्सव पर लगाया लंगर

**रतिया।** जय मां भ्रामरी देवी लंगर कमेटी द्वारा आज श्री बाला जी हनुमान जी का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। प्रधान गुलाब शर्मा व ट्रस्ट के चेयरमैन राकेश गर्ग और समस्त कमेटी द्वारा बालाजी की पूजा अर्चना की गई व बालाजी को भोग लगाया गया। तत्पश्चात कमेटी द्वारा टोहाना रोड पर भूना मोड के पास बाला जी के जयघोष के साथ चाय व प्रसाद के लंगर की शुरुआत की गई। यह जानकारी देते हुए गुलाब शर्मा व राकेश गर्ग ने बताया कि जय मां भ्रामरी देवी कमेटी द्वारा हर साल दो बार नवरात्रों में भी मां भ्रामरी देवी शक्तिपीठ बनभौरी में लंगर लगाया जाता है, जिसमें रतिया से 50 के लगभग सेवादार अपना सहयोग करते हैं। उन्होंने कहा कि आज भी कमेटी द्वारा बालाजी के जन्मोत्सव पर सभी मार्केट वासियो के सहयोग से चाय व प्रसाद का लंगर चलाया गया। इस अवसर पर काका सैनी, जीत सैनी, संदीप सिंगला, मंगत सिंघाटिया, हैप्पी जिन्दल, सतनाम सैनी, श्रवण कुमार, दर्शन शर्मा आदि कमेटी सदस्य मौजूद थे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया श्रीहनुमान जन्मोत्सव

**रतिया।** बीजेपी कार्यालय रतिया में आज भाजपा जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह ग्रोहा ने सभी कार्यकर्ताओं के साथ श्रीराम भक्त हनुमान जी का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया। बलदेव सिंह ग्रोहा ने हनुमान जी के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर उन्हें प्रणाम किया तथा सभी कार्यकर्ताओं व जिलावासियों को श्रीहनुमान जन्मोत्सव की बधाई दी। उन्होंने कहा कि श्रीराम जी के आशीर्वाद से हनुमान जी कलयुग में भी चिरंजीवी हैं तथा अपनी भगतों की सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। हनुमान जी की अनन्य भक्ति, शान्ति व संयम से पूरी मानव जाति को प्रेरणा लेनी चाहिए। अतुल्य बल के स्वामी हनुमान जी कभी भी अपने भक्तों को निराश नहीं करते। श्रीरामायाण काल में उनका अस्तित्व बेहद महत्वपूर्ण रहा है। श्रीराम जी के सभी कारज को सिद्ध करने वाले हनुमान जी को जब भी सच्चे हृदय और प्रेम से पुकारा जाए, वह अवश्य ही मदद के लिए आते हैं। इस अवसर पर जोगिन्द्र नंदा, सुखविन्द्र गोयल सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

## वीसी कार्यालय के समक्ष दूसरे दिन भी धरना जारी

**हिसार।** क्रांतिकारी छात्र संगठन (केएसओ) ने मंगलवार को दूसरी दिन भी गुजवि वीसी कार्यालय के समक्ष धरना जारी रखा। धरने के दूसरे दिन गवर्नमेंट कॉलेज के छात्रों ने धरने को समर्थन दिया।

धरने पर केएसओ प्रधान हरिकेश ढांडा ने कहा कि अगर जल्द ही हमारी मांगें पूरी नहीं हुई तो हमें मजबूर होकर आक्रामक कदम उठाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हमें धरने पर बैठे हुए दो दिन हो गए हैं लेकिन गुजवि प्रशासन के किसी अधिकारी ने अभी तक हमसे बात तक नहीं की है।

## एडीजीपी ने छात्र को चाकू मारने की घटना की जांच के दिए आदेश

**सदर पुलिस कर रही कार्रवाई**
स्कूल भी करेगा अपने स्तर पर जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

एडीजीपी डॉ. एम. रवि किरण ने एक दिन पहले शहर के निजी स्कूल के सामने हुई वारदात में एक छात्र को चाकू मारने की घटना की जांच के आदेश दिए हैं। घटना में एक छात्र चाकू लगने से घायल हो गया था। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डॉ. एम. रवि किरण ने बताया है कि इस मामले में पुलिस अधिकारी जांच कर रहे है। दोनों ही छात्र मिल गेट एरिया के रहने वाले हैं। इस घटना के संबंध में सदर थाना पुलिस आगामी कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटना बेहद संगीन और संवेदनशील है। स्कूल प्रशासन को भी इस मामले की गहराई से जांच करने के निर्देश दे दिए गए है। घायल छात्र नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन है और उसकी हालत खतरे से बाहर है। गौरतलब है कि शहर के बरवाला रोड स्थित एक निजी स्कूल की छुट्टी के बाद स्कूटी पर घर जा रहे दो भाइयों में से स्कूटी चला रहे छात्र पर स्कूल के ही एक अन्य छात्र ने चाकू से हमला कर दिया था।हमलावर दूसरा वार करने ही वाला था कि पीछे बैठे चचेरे भाई ने हमलावर का हाथ पकड़ लिया और स्कूटी चला रहे अपने भाई को बचाया।

# शिव नगर में अशोक तंवर का हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के जिला महासचिव एवं श्री योग मंदिर फतेहाबाद के कैशियर धर्मपाल चावला व अनिल चावला के शिव नगर स्थित आवास पर पहुंचे सिरसा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी डॉ. अशोक तंवर का चावला परिवार व उनके समर्थकों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर आयोजित जलपान कार्यक्रम के दौरान डॉ. अशोक तंवर कार्यकर्ताओं से मिले और लोकसभा चुनावों को लेकर प्रचार अभियान में तेजी लाने और लोगों को पार्टी से जोड़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर धर्मपाल चावला, उनकी पत्नी सुमन, अनिल चावला ने फूलों का बुके भेंट कर डॉ. तंवर का स्वागत किया। बता दें कि धर्मपाल चावला पिछले 38 सालों से फतेहाबाद के श्री योग मंदिर में कैशियर के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इसके अलावा वे अनेक धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं से भी जुड़े हुए हैं। हाल ही में उन्हें ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के जिला महासचिव पद की जिम्मेवारी सौंपी गई है। धर्मपाल चावला अब सामाजिक जीवन के साथ-साथ राजनीतिक क्षेत्र में आकर अपने समाजसेवा के अभियान को आगे बढ़ाना चाहते हैं। समाज के लोगों में उनका काफी प्रभाव है और वे चाहते हैं कि धर्मपाल चावला फतेहाबाद से विधानसभा चुनाव लड़े।



फतेहाबाद। डॉ. अशोक तंवर का परिवार के सदस्यों के साथ स्वागत करते सामाजिक कार्यकर्ता धर्मपाल चावला।

# जीत का परचम लहराएगी जेजेपी : रमेश

- जेजेपी प्रत्याशी ने फतेहाबाद में ली कार्यकर्ताओं की बैठक, चुनाव प्रचार को लेकर लगाई ड्यूटियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

लोकसभा चुनावों को लेकर जननायक जनता पार्टी की अहम बैठक आज फतेहाबाद में हुई। बैठक में फतेहाबाद जिला इकाई के अलावा हल्का नरवाना के भी पार्टी पदाधिकारियों व नेताओं ने भी भाग लिया। बैठक में विशेष तौर पर जेजेपी के सिरसा लोकसभा से प्रत्याशी रमेश खटक भी पहुंचे और कार्यकर्ताओं से चुनावों को लेकर विस्तार से चर्चा की। बैठक की अध्यक्षता जेजेपी के जिला प्रधान रविन्द्र बैनीवाल ने की। बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर फतेहाबाद जिला के पदाधिकारियों से विचार विमर्श किया गया। पदाधिकारियों से सुझाव लिए गए और आगे की रणनीति बनाते हुए चुनावों को लेकर कार्यकर्ताओं की ड्यूटियां लगाई गई।

बैठक को संबोधित करते हुए जेजेपी प्रत्याशी रमेश खटक ने कहा है कि पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला जननायक चौ. देवीलाल की नीतियों को आगे बढ़ाते हुए जनकल्याण के लिए काम कर रहे है। सरकार में रहते हुए भी पूर्व डिप्टी सीएम द्वारा जनता से किए गए अपने वायदों को पूरा करने का काम किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जी-जान से चुनाव प्रचार में जुटने का आह्वान करते हुए कहा कि पार्टी के मेहनती कार्यकर्ताओं की बदौलत इस बार के लोकसभा चुनावों में जेजेपी जीत का परचम लहराएगी। इस मौक पर जेजेपी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य कुलजीत कुलड़िया, लीगल प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष परमजीत मल्होत्रा, फतेहाबाद हल्का अध्यक्ष सुभाष गोरछिया, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष अजय संधू, पंकज झाझड़ा, युवा जिला अध्यक्ष मोहित खिचड़, नरवाना हल्का अध्यक्ष सुरेंद्र गोयत, नरवाना युवा हल्का अध्यक्ष राजेंद्र नैन, बीसी सेल के जिला अध्यक्ष हनुमान सोनी, किसान प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष साधुराम गोरखपुर, किसान प्रकोष्ठ रतिया के कृष्ण नुनिया मौजूद रहे।



फतेहाबाद। लोकसभा चुनावों को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित करते जेजेपी नेता।

# स्कूल और मंदिर विवाद का पटाक्षेप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

सेक्टर 14 के सामने स्थित नई अनाज मंडी के राजकीय प्राथमिक पाठशाला व मंदिर कमेटी का विवाद दोनों पक्षों की बैठक के बाद गिले शिकवे भुलाकर मंगलवार को सुलझ गया। अब स्कूल पूर्ववर्ती स्थिति में ही चलेगा तथा मंदिर कमेटी द्वारा स्कूल स्टॉफ को हर संभव मदद का आश्वाशन दिया गया है। इसी के साथ दोनों पक्षों द्वारा पुलिस को दी गई एक दूसरे के खिलाफ की शिकायतें भी वापिस ले ली गई है। मौके पर स्कूल की सभी अध्यापिकाएं नीलम, राजबाला, मनीषा, पूनम, पूजा, हरीश गांधी व मंदिर ट्रस्ट के प्रधान अशोक गुप्ता, मंडी प्रधान पवन गर्ग, एडवोकेट बजरंग इंदल, व अन्य सैंकड़ों लोग मौजूद रहे। भीम आर्मी नेता संतलाल अंबेडकर, प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रधान सुनील बास ने बताया कि मंगलवार को को स्कूल और मंदिर परिसर में स्कूल स्टॉफ और मंदिर कमेटी तथा अनाज मंडी एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बैठक की। इस बैठक में मंदिर कमेटी और अनाज मंडी एसोसिएशन के अशोक गुप्ता, पवन गर्ग व प्रवीन केडिया आदि पदाधिकारियों ने कहा की आपसी गलतफहमी के चलते व कुछ बाहरी राजनीतिक लोगों की बदौलत विवाद तूल पकड़ गया था। दोनों पक्षों की बैठक में इस विवाद का पटाक्षेप हो गया है।



# नल जल मित्रा के तहत कर्मियों को दी जाएगी 500 घंटों की ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भोडिया खेड़ा में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कर्मचारियों की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए जिला सलाहकार शर्मा चंद लाली ने कहा कि नल जल मित्रा स्कीम के तहत जिले के सभी कर्मचारियों को 500 घंटों की ट्रेनिंग दी जाएगी। ट्रेनिंग में कर्मचारी को फिल्टर, प्लंबर, इलेक्ट्रिशियन, मिस्त्री आदि सभी क्षेत्र में सक्षम बनाया जाएगा, ताकि फील्ड में किसी प्रकार की कोई दिक्कत न आए। उन्होंने कहा कि हर घर को स्वच्छ जल मुहैया करवाने के लिए ट्रेनिंग करवाई जा रही है। पीने के पानी से संबंधित जो भी समस्याएं हैं उन सभी समस्याओं को चिन्हित करके तुरंत प्रभाव से ठीक किया जाएगा ताकि किसी को पीने के पानी की दिक्कत न आए।

### कुछ घरों में पीने का पानी नहीं पहुंच रहा

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में कुछ घरों ने पीने के पानी पर हरा चारा सब्जी, सर्विस स्टेशन लगा रखे हैं जिस कारण गांव के कुछ घरों में पीने का पानी नहीं पहुंच रहा है। पूरे जिले में ऐसे सभी घरों को चिन्हित करके विभाग की तरफ से उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिले के पीने के पानी के सभी घरों का सर्वे भी किया जाएगा। इसके लिए सभी उपभोक्ताओं से भी अपील है कि इस संबंध में विभाग की मदद करें ताकि जल्दी फतेहाबाद जिले के सभी घरों में पीने का पानी उपलब्ध हो सके। इसके साथ-साथ विभाग के कर्मचारी गांव-गांव जाकर उन घरों को भी चिन्हित करेंगे जिन घरों में पीने के पानी के नलों पर बंद करने वाली टेप नहीं लगी हुई ताकि उन सभी घरों में टेप लगवाई जा सके और जिन घरों में पीने का पानी नहीं पहुंचता उन घरों में पीने का पानी पहुंच सके। गांव में जितनी भी लीकेज है उनको भी इस अभियान के दौरान चिन्हित करके ठीक

### मौजूदा युवा सरपंचों ने थामा कांग्रेस का हाथ

**रतिया।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं उत्तराखंड की प्रभारी कुमारी सैलजा की मौजूदगी में व सुरेन्द्र वर्तिया पूर्व सचिव हरियाणा प्रदेश कांग्रेस की अगुवाई में हिसार स्थित कुमारी सैलजा के निवास पर बीजेपी को छोड़ कर मौजूदा युवा सरपंचों ने कांग्रेस पार्टी में विश्वास जताते हुए कांग्रेस पार्टी का हाथ थाम लिया। इनमें प्रवीण कुमार उर्फ बिल्ला सरपंच शकरपुरा, गोबिन्द सरपंच म्योंद कलां, बलविंदर सिंह सरपंच मूसा खेड़ा, खुशी राम सरपंच रूपांवाली आदि शामिल रहे। इस अवसर पर सुरेन्द्र वर्तिया ने कहा कि कांग्रेस का परिवार हर दिन बढ़ रहा है व कांग्रेस में पूरा मान सम्मान होगा। जिस प्रकार से जनता कांग्रेस में विश्वास जता रही है उससे साफ है कि सिरसा लोकसभा में कांग्रेस पार्टी बहुत बड़ अंतर से जीत दर्ज करेगी।

## झूठी शिकायत करके ना करें : रेखा अग्रवाल

# बाल विवाह की रोकथाम में सहयोग की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के अनुसार लड़की की शादी 18 वर्ष व लड़के की शादी 21 वर्ष से पहले की जाती है, तो यह कानूनन अपराध है। एक्ट के तहत बाल विवाह के आयोजन में भागीदार सभी लोगों पर कानूनी कार्यवाही की जाती है, जिसके तहत 2 साल की जेल व एक लाख रुपये तक के जुर्माने का भी प्रावधान है। उन्होंने बताया कि 10 मई को अक्षय तृतीया के अवसर पर लोगों द्वारा बड़ी संख्या में विवाह/शादियों का आयोजन किया जाता है, जिसमें बाल विवाह का आयोजन करने की भी संभावना ज्यादातर बनी रहती है। बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के अनुसार बाल विवाह करना कानून अपराध है। उन्होंने अक्षय तृतीया पर आयोजित होने वाले विवाह समारोहों के दौरान बाल विवाह की रोकथाम के लिए विवाह करवाने वाले पुजारीपंच-सरपंच व नंबरदार तथा शहरों में नगर पार्षद इत्यादि से अपील की है कि वे अपने क्षेत्र में किसी बाल विवाह का आयोजन न होने दें। इसके अलावा सामुदायिक केन्द्र, सार्वजनिक भवन, बैंक्वेंट हाल, मैरिज पैलेस इत्यादि के मालिक अथवा प्रभारियों से भी अपील है कि वे विवाह समारोह के संबंध में पहले से दुल्हा व दुल्हन के आयु प्रमाण पत्रों की जांच कर लें व आयु प्रमाण पत्रों की एक प्रति अपने पास भी रख लेंवें तथा अपने यहां बाल विवाह का आयोजन न होने दें। महिला संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी रेखा अग्रवाल ने अपील की कि वे कोई झूठी शिकायत करके प्रशासन को परेशान ना करें।

### झूठी शिकायत करने वालों पर होगी कार्रवाई

अगर कोई झूठी शिकायत करता है तो प्रशासन द्वारा ऐसी व्यक्तियों के खिलाफ भी सख्त कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि बाल विवाह के आयोजन के संबंध में सूचना समय रहते नजदीक के पुलिस थाना/चौकी, आंगनबाड़ी वर्कर, डब्ल्यूसीडीपीओ, बाल संरक्षण अधिकारी, डीपीओ, महिला एवं बाल विकास, संबंधित एसडीएम या तहसीलदार, सीटीएम कार्यालय, एसपी कार्यालय तथा पुलिस कंट्रोल रूम के नंबर 112, मोबाइल नंबर 8814011719, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, महिला हेल्पलाइन नंबर 181 पर दी जा सकती है।

## खबर संक्षेप

### 26 अप्रैल तक दर्ज करवाएं आपत्तियां

**सिरसा।** जिला में सभी तहसील/उप तहसील के संशोधित प्रस्तावित कलेक्टर रेट वर्ष 2024-25 जमाबंदीडॉटएनआईसीडॉटइन अपलोड किए गए हैं। यदि किसी आमजन को प्रस्तावित कलेक्टर रेट के संबंध में कोई आपत्ति हो तो वे 26 अप्रैल 2024 तक संबंधित तहसीलदार अथवा उपमंडल अधिकारी (ना.) के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से या ई-मेल के माध्यम से आपत्ति दर्ज करवा सकते है।

### भाषण प्रतियोगिता में रमेश रहा अव्वल

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में भाषण प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका संचालन डॉ. कुलवंत सिंह ने किया। प्रतियोगिता में भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रमेश को मिला जबकि द्वितीय प्रभजोत और तृतीय स्थान पर सुनैना रही। कार्यक्रम में डॉ. दीपक, डॉ. सुनीता, राजेश कुमार, शोधार्थी सुरेंद्र और शिमला रानी मौजूद रही।

### घर के बाहर से बाइक उड़ा ले गए चोर

**चोपटा।** खंड के गांव नाथूसरी कलां में घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी हो गई। पुलिस को दी शिकायत में गांव नाथूसरी कलां निवासी हरी सिंह ने बताया कि बीती 21 अप्रैल की दोपहर को उसने अपनी बाइक घर के बाहर खड़ी की थी। कुछ समय बाद जब मोटरसाइकिल संभाली तो गायब मिली। उन्होंने अपने स्तर पर आसपास के लोगों से भी पूछताछ की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया।

### कविता गायन में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**सिरसा।** द सिरसा स्कूल में हिंदी कविता गायन प्रतियोगिता हुई जिसमें जिसमें कक्षा दो से पांचवीं तक के छात्रों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कविता प्रतियोगिता में निर्णायकमंडल की भूमिका दीया व हेमलता बंसल ने निभाई। छात्रों की रचनात्मक और सृजनात्मक कविता प्रस्तुति को देखकर निर्णायकगण आनंदित हुए। विद्यालय की प्रिंसिपल मनीषा गोदारा ने बच्चों की सराहना करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया।

### पत्नी की शिकायत पर पति के खिलाफ केस

**सिरसा।** महिला थाना सिरसा पुलिस ने गांव चक्कां निवासी दीपिका पुत्री फकीरचंद की शिकायत पर उसके पति के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। दीपिका ने अपनी शिकायत में बताया कि उसका विवाह एक नवंबर 2017 को संजय के साथ स पन्न हुआ था। उसने बताया कि ससुरालजनों को दहेज में एक बाइक और 51 हजार रुपये दिए गए थे। उसे दो बच्चों सहित घर से निकाल दिया।

### हेमंत बाबा के जन्मदिन पर सजाया शुभ दीवान

**सिरसा।** बाबा हैदर शेख सेवा समिति सिरसा द्वारा हेमंत बाबा के जन्मदिन के उपलक्ष्य में शुभ दीवान आयोजित किया गया। जानकारी देते हुए एडवोकेट दीपम ग्रोवर ने बताया कि इस शुभ दीवान पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने हाजरी लगाई। कार्यक्रम में मुख्य तौर पर मलेर कोटला दरगाह के गद्दीनशीन बाबा बोबी खान ने सभी भक्तों को आशीर्वाद दिया।

### गोशाला प्रेमी संघ ने लगाई ठंडे दूध की छबील

**सिरसा।** गौशाला प्रेमी संघ परिवार की ओर से मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शहर में निकाली गई शोभायात्रा के दौरान भगवान परशुराम चौक पर शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए ठंडे दूध की सेवा की गई। संघ की ओर से ज्ञान जिंदल, संजय गोयल, विनय शर्मा, सतीश गोयल, संजय फड़िया, सुरेश फड़िया, रमेश बंसल, संजीव जिंदल ने संयुक्त रूप से बताया कि संघ की ओर से शोभायात्रा में चल रहे श्रद्धालुओं के लिए गर्मी के मौसम को देखते हुए ठंडे दूध की स्टाल लगाई गई।

## टोहाना, रतिया व जाखल में बरसात से नुकसान

# टोहाना, रतिया व जाखल में बरसात मंडियों में खुले में पड़ा गेहूं भीगा

### धीमा उठान होने से गेहूं से अटी पड़ी हैं मण्डियां, प्रशासनिक लापरवाही से किसानों में रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। गेहूं की बोरियों से अटी अनाज मण्डी।

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते जिले के टोहाना, रतिया और जाखल में मंगलवार को बादल छा गए और रूक-रूक कर बरसात हुई। कुछेक स्थानों पर 10-15 मिनट तेज बारिश होने से मंडियों में खुले आसमान के नीचे रखी गेहूं की फसल भीग गई। मौसम विभाग द्वारा पिछले दिनों फतेहाबाद में बारिश की संभावना जताई गई थी। मौसम विभाग की भविष्यवाणी के बाद से गेहूं उत्पादक किसानों के चेहरों पर चिंता की लकीरें खिंच गई थी। बरसात के पूर्वानुमान के बावजूद जिला प्रशासन व खरीद एजेंसियों द्वारा गेहूं से अटी मण्डियों व खरीद केन्द्रों से उठान का काम तेज नहीं करवाया गया। प्रशासनिक लापरवाही के कारण मंगलवार को किसानों की मेहनत बारिश की भेंट चढ़ गई। किसानों का कहना है कि यदि मण्डियों से सही समय पर गेहूं का उठान हो जाता तो उन्हें आज यह नुकसान नहीं उठाना पड़ता। जिले में पिछले कई दिनों से मौसम लगातार परिवर्तनशील बना हुआ है।

सुबह व रात को जहां मौसम में हल्की ठंडक है वहीं दिन में तेज धूप से लोगों से पसीने छूट रहे हैं। ऐसे में मौसम विभाग ने फतेहाबाद जिले में बारिश की संभावना जताई गई थी। मंगलवार को जिलेभर में दिनभर बादल छाए रहे। हालांकि फतेहाबाद शहर में कभी धूप तो कभी बूंदाबांदी का क्रम चलता रहा जबकि टोहाना, रतिया और जाखल इलाके में मंगलवार सुबह तेज हवाओं के साथ बरसात हुई। बरसात से एक ओर जहां गर्मी से राहत मिली, वहीं मंडियों में पड़ी गेहूं की फसल पूरी तरह से भीग गई। प्रशासन और खरीद एजेंसियों की लापरवाही का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक फतेहाबाद में आज सुबह मौसम ने अचानक करवट ली। फतेहाबाद शहर में आसमान में काले बादल छा गए, हलकी फुहारें भी पड़ी मगर तेज हवाओं के कारण बादल बिना बरसे कुछ ही देर में छंट गए, मगर रतिया, टोहाना और जाखल कस्बों में मौसम के बदले मिजाज से बरसात हुई। तेज हवाओं के साथ कुछ ही मिनट हुई बरसात से मौसम खुशनुमा हो गया और तापमान में गिरावट दर्ज की गई। अचानक हुई बरसात के कारण मंडियों में पड़ा गेहूं पूरी तरह से भीग गया। मौसम इतनी तेज से बदला कि किसानों और व्यापारियों को फसल को ढकने तक का मौका नहीं मिला। मंडी में अनाज से भरे बैग, खुले में पड़ा गेहूं और सरसों की फसल भीग गई। मंडी में अपनी फसल लेकर आए किसानों ने खरीद एजेंसियों को प्रशासन को लापरवाही का जिम्मेदार ठहराया है। किसानों और व्यापारियों का कहना है कि खरीद एजेंसियां पहले तो समय पर उनके अनाज की खरीद नहीं कर रही, जितने अनाज की खरीद की गई है उसका उठान नहीं हो रहा, जिसके कारण मंडी पूरी तरह से अनाज से भरी पड़ी है। अगर समय पर उठान हो गया तो उनकी फसल और मेहनत यूं ही जाया नहीं जाती।

## प्रशिक्षण कार्यक्रम में अधिकारियों ने समझी जिम्मेदारियां



सिरसा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मशीनों को स्थापित करने एवं उन्हें चलाने की पूरी जानकारी उपलब्ध करवाई। अधिकारियों को बताया गया कि बूथ केंद्र पर पीठासीन अधिकारी की अहम जिम्मेदारियां होती है। पीठासीन अधिकारी को मतदान केंद्र की स्थापना, ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों के साथ तालमेल, मशीन के सही संचालन, मतदाताओं के लिए सुविधाएं आदि का संचालन करना होता है। इसलिए पीठासीन अधिकारियों को अपनी जिम्मेवारियों को अहसास होना बहुत ही जरूरी है। इस अवसर पर पीठासीन अधिकारी तथा अतिरिक्त पीठासीन अधिकारियों ने स्वयं इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीनों तथा वीवीपैट मशीनों को चलाकर जानकारी हासिल की। चुनावी ड्यूटी पर तैनात कर्मियों को मशीनों के संबंध में कई महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध करवाई ताकि मतदान प्रक्रिया निर्बाध तरीके से पूरी करवाई जा सके।

## विद्यार्थी एक दूसरे का सहयोग करते हुए आगे बढ़ें: डॉ. ढींडसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

जेसीडी विद्यापीठ स्थित जेसीडी मैमोरियल कॉलिज में नए विद्यार्थियों के लिए आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम 'फेयरवेल फिएस्टा' का समापन हो गया। समापन कार्यक्रम का आयोजन साइंस और कॉमर्स विभाग की ओर से किया गया जिसमें मुख्यातिथि जेसीडी के महानिदेशक डॉ. कुलदीप सिंह ढींडसा शामिल हुए। डॉ.ढींडसा ने कहा कि आगे उनके लिए बहुत से विकल्प खुले हैं लेकिन कभी भी किसी आसान विकल्प या शॉर्ट कट को न अपनाएं बल्कि अपना लक्ष्य हमेशा ऊंचा रखें। एमएससी मैथ में मिस फेयरवेल सुखमंजीत कौर मिस इव मोनिका चुनी गई। बीकॉम में मिस्टर फेयरवेल रिदम, मिस फेयरवेल इशमीत, मिस्टर पर्सनलिटी संदीप, मिस पर्सनालिटी दृष्टि, मिस्टर ईव साहिल मिस ईव निधि चुनी गई। एमकॉम में मिस्टर फेयरवेल सूर्यकांत और मिस फेयरवेल मनीषा चुनी गई। एमएससी केमिस्ट्री में मिस्टर फेयरवेल पवन कुमार और मिस फेयरवेल गजल सोनी चुनी गई। बीएससी नॉन मेडिकल में मिस्टर फेयरवेल रविकांत जांगिड़, मिस फेयरवेल इशिता चुनी गई। मिस्टर पर्सनालिटी पुनदीप और मिस पर्सनालिटी जैसलीन कौर चुनी गई।

## केलनियां में हुआ मतदाता जागरुकता कार्यक्रम

- सोसायटी द्वारा मतदाता जागरुकता चलाया जा रहा अभियान
- विद्यार्थियों को मजबूत लोकतंत्र में मतदान के महत्व के बारे में बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



सिरसा। गांव केलनियां में मतदाताओं को शपथ दिलाते लाल बहादुर बैनीवाल।

जिला रेडक्रॉस सोसायटी प्रधान एवं उपायुक्त आर के सिंह के कुशल मार्गदर्शन में सोसायटी द्वारा मतदाता जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सोसायटी द्वारा गांव केलनियां के मुख्य चौपाल व गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों व स्कूली विद्यार्थियों को मजबूत लोकतंत्र में मतदान के महत्व के बारे में बताया गया। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव लाल बहादुर बेनीवाल ने बताया कि भारतीय लोकतांत्रिक प्रणाली में मतदान का बड़ा ही महत्व है, जितना अधिक मतदान होगा, उतनी ही हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूती प्रदान होगी। इसलिए हर पात्र व्यक्ति मतदान करके एक जागरूक नागरिक होने का प्रमाण दें। आने वाली 25 मई को लोकसभा आम चुनाव में हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। उन्होंने कहा कि युवा ऊर्जावान होते हैं और वह बदलाव लाने में सक्षम होता है। इसलिए युवाओं को स्वयं अपने मताधिकार का प्रयोग करने के साथ-साथ अपने गांव व आस पड़ोस के लोगों को वोट डालने के लिए प्रेरित करना चाहिए। मौके पर सहायक सचिव गुरमीत सैनी ने छात्राओं को मतदान की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर गांव केलनियां की मुख्य चौपाल में ग्रामीण सुशील कुमार, राजेंद्र कुमार, रामकिशन, ओमप्रकाश, राम स्वरूप, अटल सेवा केंद्र के संचालक अमित कुमार व सुमन, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अध्यापक दीपक कुमार, रितेश कुमार, देव मित्र, साजिद अली, रीना रानी, 'योति, माया व सरोज रानी इत्यादि उपस्थित थे।

## सफल चुनावोंमें पीठासीन अधिकारी का अहम रोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त आर के सिंह ने कहा कि चुनाव के सफल आयोजन में पीठासीन अधिकारी व पोलिंग पार्टी के अन्य कर्मचारियों का अहम यागदान होता है, साथ ही निष्पक्ष चुनाव करवाना पोलिंग पार्टी की नैतिक जिम्मेवारी होती है। इसलिए चुनाव प्रक्रिया से जुड़े सभी अधिकारी ईवीएम का बेहतर प्रशिक्षण लें ताकि चुनाव के दिन उन्हें मतदान के सुचारु संचालन में कोई कठिनाई न आए। वे मंगलवार को चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय के मल्टीपर्पज हॉल में पीठासीन व अतिरिक्त पीठासीन अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण के कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर स्वीप के नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. विवेक भारती, एआरओ राजेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आम चुनाव को शांतिपूर्वक, निष्पक्ष एवं स्वतंत्र रूप से सम्पन्न करवाने के लिए चुनाव में लगे अधिकारियों व कर्मचारियों को चुनाव प्रक्रिया के सफलतम संचालन के लिए प्रशिक्षित किया जाना बहुत जरूरी है। इसलिए अधिकारी पूरी गंभीरता से अपना प्रशिक्षण लें, कहीं भी कोई शंका है तो उसे दूर करें।

## सिरसा में हुड़दंगबाजी करते आठ दबोचे

**सिरसा।** सार्वजनिक स्थल पर हुंडदगबाजी कर शांति भंग करने के मामले में सदर थाना सिरसा पुलिस ने गांव अहमदपुर क्षेत्र से आठ लोगों को काबू किया है। सदर थाना प्रभारी जगदीश चंद्र ने बताया कि सदर थाना की एक पुलिस टीम ने गांव अहमदपुर क्षेत्र से आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान कुलदीप पुत्र बस्तीराम, कुलदीप पुत्र काशी राम निवासी गांव चोरमार, मनदीप पुत्र लाभ सिंह निवासी खैरेकां, रवि पुत्र लाभचंद, कुलदीप पुत्र श्याम सिंह, जोगेंद्र सिंह पुत्र जग्गा सिंह, काका सिंह पुत्र सांगा सिंह निवासी अहमदपुर व गुरमीत सिंह निवासी फिरोजाबाद को काबू किया है। आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरु की गई है।

## सीवरमेन से मेनहोल में सफाई कराना गैरकानूनी: कंडारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कनिष्ठ अभियंता कुलदीप कुमार द्वारा विभाग में कार्यरत सीवरमैन व सीवर हेल्परों से जबरन सीवर मेनहोल के अंदर उतारकर सफाई का कार्य करवाया जा रहा है। हरियाणा रा'य कर्मचारी संघ के जिला उपाध्यक्ष व ब्रांच प्रधान शिवचरण कंडारा ने बताया कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत लगे कर्मचारियों को सीवर मेनहॉल में सफाई के लिए उतारा जा रहा है, जबकि इन कर्मचारियों को इस काम का जरा भी अनुभव नहीं है। उन्होंने बताया कि अधिकारियों की लापरवाही के कारण पूर्व में भी इस प्रकार की घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे कई सीवरमैन कर्मचारियों की जान जा चुकी है। कंडारा ने कहा कि विभाग के अधिकारियों द्वारा इस प्रकार के जबरन कार्य करवाकर उनकी जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उक्त कनिष्ठ अभियंता ने जब से सब डिवीजन नंबर 2 में पद ग्रहण किया है, तभी से सीवरमैन व सीवर हेल्परों से इस तरह का कार्य करवाया जा रहा है जबकि सर्वोच्च न्यायालय, व हरियाणा सरकार के स्पष्ट आदेश हैं कि किसी भी सीवर कर्मी से सीवर मेनहोल के अंदर उतारकर सफाई नहीं करवाई जा सकती।

## भाजपा के धौलपालिया, कर्मशाना शक्ति केंद्रों पर कार्यकर्ताओं की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ऐलनाबाद

- प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अमीरचंद ने संबोधित किया
- प्रत्येक बूथ पर पन्ना प्रमुख स्तर तक मजबूत संगठन होना चाहिए

ऐलनाबाद मंडल के अंतर्गत धौलपालिया, कर्मशाना व किशनपुरा शक्ति केंद्रों पर प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक हुई, जिन्हें पार्टी के विधानसभा संयोजक एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अमीरचंद मेहता ने संबोधित किया।

अमीर चंद मेहता ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव बिल्कुल नजदीक आ चुका है। इसलिए हमारे शक्तिकेन्द्र के प्रत्येक बूथ पर पन्ना प्रमुख स्तर तक मजबूत संगठन होना चाहिए। हमारे अपने बूथ पर दर्ज की गई जीत बहुत मायने रखती है। यही बूथ की जीत हमे विधानसभा और लोकसभा स्तर पर जीत दिलाती है। इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ को हर हाल में विजयी बनाने के लिए हर संभव प्रयास करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बार प्रत्येक बूथ को पिछले चुनाव के मुकाबले 370 अधिक वोट से जीतने और देश भर में 400 से 'यादा सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है जिसे हम सब कार्यकर्ताओं को मिलकर हासिल करना है। बैठक में मंडल अध्यक्ष बनवारीलाल तलवाड़िया, मंडल महामंत्री राजीव बधवा व दिनेश गोदारा, ओबीसी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष नत्थूराम वर्मा, जिला सचिव प्रताप सोलंकी, सह जिला मीडिया प्रभारी सुभाष चौहान, धौलपालिया के पूर्व सरपंच गौरीशंकर सिद्ध, बेहरवाला के पूर्व सरपंच विजय कुमार व सतपाल भाकर, बहादुर मंडा, धन्नाराम नम्बरदार, मंजीत धरा, हुकुमीचंद पारीक सहित अन्य कई प्रमुख कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

## वॉल मैगजीन स्पर्धा में निर्मला रही प्रथम



फतेहाबाद। एमएम बीएड कॉलेज में 'विश्व पुस्तक दिवस' पर आयोजित वॉल मैगजीन प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

मनोहर मैमोरियल शिक्षण महाविद्यालय में पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग द्वारा 'विश्व पुस्तक दिवस' के अवसर पर वॉल मैगजीन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन पुस्तकालयाध्यक्ष मंगत कम्बोज के कुशल नेतृत्व में किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न विषयों जैसे नारी सशक्तिकरण, नशा उन्मूलन, दहेज प्रथा, स्वच्छ भारत, कैशलेस सिस्टम आदि को शामिल किया गया था। इस प्रतियोगिता में बी.एड. और बी.ए.बी.एड. के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया अनेक अनेक पोस्टरों के माध्यम से उपरोक्त विषयों को प्रदर्शित किया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. जनक रानी ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए पोस्टरों का अवलोकन किया और पोस्टरों के माध्यम से दिए गए संदेश पर विद्यार्थियों की सराहना की। इस प्रतियोगिता में निर्मला ने प्रथम स्थान हासिल किया वहीं हरजीत कौर द्वितीय तथा पलक व पूजा ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका सहायक प्रोफेसर डॉ. नरेन्द्र कुमार, अमनप्रीत कौर और रेखा रानी ने निभाई। प्राचार्या डॉ. जनक रानी ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उ"वल भविष्य की कामना की।

## प्रधान सचिव ने कालांवाली में अधिकारियों की बैठक ली

# उठान कार्य में बाधा डालने वालों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालांवाली



सिरसा। अधिकारियों की बैठक लेते प्रधान सचिव विजयेंद्र कुमार।

प्रधान सचिव विजयेंद्र कुमार ने मंगलवार को कालांवाली अनाज मंडी में मार्केट कमेटी कार्यालय में अधिकारियों की बैठक ली और गेहूं खरीद व उठान कार्य की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने आढ़तियों एवं किसानों से बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनी। इस मौके पर उपायुक्त आर के सिंह, एसडीएम कालांवाली सुरेश रावेश, अनाज मंडी प्रधान राजेश बंसल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि गेहूं का उठान जल्द से जल्द सुनिश्चित करें ताकि मंडियों में जाम जैसी स्थिति न बनें। उन्होंने ट्रांसपोर्टर ठेकेदार व लेबर ठेकेदार को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि उठान कार्य में किसी भी प्रकार की बाधा डालने वाले व्यक्ति के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। ट्रांसपोर्ट ठेकेदार गाड़ियां बढाकर मंडियों से गेहूं के उठान में तेजी लाएं और अतिरिक्त लेबर की भी जल्द से जल्द व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय सीमा में किसानों की फसल का भुगतान भी सुनिश्चित किया जाए। नोडल अधिकारी अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का सही निर्वहन करें और खरीद प्रक्रिया की मोनिटरिंग निरंतर करते रहे। उन्होंने मंडी में सफाई व्यवस्था व अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने आढ़तियों को कहा कि वे गेहूं खरीद प्रक्रिया में अपना पूरा सहयोग दे ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने पत्रकारों से भी बातचीत करते हुए बताया कि सिरसा जिला में साढे तीन लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है तथा एक लाख 10 हजार मीट्रिक टन गेहूं की लिफ्टिंग की गई है। लेबर व ट्रांसपोर्ट की समस्या सामने आई है, जिसके समाधान के लिए दिशा निर्देश दिए जा चुके हैं ताकि जल्द से जल्द अनाज मंडियों से गेहूं की लिफ्टिंग की जा सके। कार्यों में आनाकानी करने वाले अधिकारियों, ठेकेदारों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9653530209, 9315429403, 9253681005